दिनांक 17.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

(निगम आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी ने मतदान पूर्व सभी मतदान केंद्र में अवश्य व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिए)

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी ने आज प्रातः से ही दुर्ग ग्रामीण भिलाई नगर एवं वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान श्री सुंदरानी ने सभी जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सक्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि मतदान दल आने के पूर्व तक जोन में पदस्थ समस्त स्वच्छता निरीक्षक अपने–अपने प्रभार क्षेत्र वाले मतदान केंद्रों में समस्त आवश्यक व्यवस्था पूर्ण कर लेवे।

श्री सुंदरानी ने मतदान केंद्र के आसपास साफ सफाई आवश्यक दवाओं का छिड़काव पार्किंग एवं स्प्रे की कार्यवाही करें जिन क्षेत्रों में डेंगू मलेरिया फैला था वहां पर विशेष ध्यान देवें सभी मतदान केंद्रों में आवश्यकतानुसार मोमबत्ती, माचिस, कछुआ छाप अगरबत्ती की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखें पेयजल, बिजली की व्यवस्था के साथ–साथ मूत्रालय एवं शौचालय की सफाई मतदान दिनांक की रात्रि तक करें श्री सुंदरानी ने जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी और निर्देशित किया कि मतदान केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण हो गई हो का प्रमाण पत्र स्कूल के प्राचार्य या शिक्षक, शिक्षिकाओं से प्राप्त कर प्रतिवेदन आयुक्त कार्यालय में प्रस्तुत करें।

निगमायुक्त श्री सुंदरानी ने आदर्श मतदान केंद्रों पर स्काउट एवं एनसीसी के बच्चों को संलग्न किया जाना है जो भी मतदाता मतदान करने हेतु मतदान स्थल पर पहुंचते हैं उनका यथोचित हो फूल पंखुरी फूलों से भवनों की सजावट मैट लगा कर मार्ग बनाना, फ्लेक्स लगाना, मतदान दल के लिए एप्रोन बनाना है इन केंद्रों पर रखे जाने वाले फर्नीचर उच्च कोटि गुणवत्ता के हो तथा स्वच्छता का संदेश लिखे हुए बैनर के साथ साथ डस्टबिन अवश्य रूप से रखें यह सारी व्यवस्थाएं जोन आयुक्त अपने अपने राजस्व एवं स्वास्थ्य अमले के कर्मचारियों के साथ निरंतर अपने अपने प्रभार वाले मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने में ताकि मतदान दल आने के पूर्व किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े निर्वाचन के कार्य को प्राथमिकता से ले लापरवाही पाए जाने पर सीधी कार्यवाही की जावेगी।

जनसम्पर्क अधिकारी